जाने माने छह चिकित्सक सम्मानित

भास्कर न्यूज, जोधपुर, 20 जुलाई।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर एसोसिएशन मुंबई द्वारा जोधपुर के कल्पतरू सभागार में रविवार को आयोजित एक समारोह में देश के जाने-माने छह चिकित्सकों को सम्मानित किया।

समारोह में मुख्यमंत्री ने देश के जाने माने डॉ. ए.सी. परेरा, डॉ. बी.एल. चितलंगिया, डॉ. डी.पी. व्यास, डॉ. जे.ए. पचौरिया, डॉ. जे.जे. व्यास तथा डॉ. निर्मल सूर्या को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा वेंटिलेटर, पोर्टेबल लाइट्स, व्हील चेयर्स, ट्राली आदि उपकरण इमरजेंसी वार्ड के लिए प्रदान की। उन्होंने मेडिकल उपकरण देने वाले दानदाताओं का भी सम्मान किया। समारोह में स्थानीय चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। एसोसिएशन द्वारा प्रतिभावान बच्चों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। प्रवासी जोधपुर एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सुझाव दिया कि जोधपुर में मुंबई हॉस्पिटल खोल जाए ताकि पश्चिमी राजस्थान में चिकित्सा सेवा केन्द्र बनें। राजस्थान में भी चिकित्सा के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने योजनाबद्ध प्रयास किए। यहां पहली बार मुख्यमंत्री जीवन रक्षा कोष बना तथा असाध्य रोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। सरकार की सोच है कि प्रवासी राजस्थानियों को महत्त्व दिया जाए तथा इसके लिए जयपुर में इसके लिए वृहद् सम्मेलन आयोजित किया गया। न्यूयार्क में भी ऐसा सम्मेलन हुआ जहां राजस्थान की पहचान बनी है और यह हमारे लिए पूंजी की तरह है। उन्होंने जोधपुर की अपणायत की चर्चा करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सुझाव दिया कि चिकित्सकों को अगली बार साफा पहनाकर सम्मानित किया जाए। विशिष्ट अतिथि वरुण कांटिनेंटल मुंबई के कार्यवाई निदेशक कैलाश अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह अध्यक्ष नारायण राठी ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि जोधपुर एसोसिएशन मुंबई संस्था के रूप में अपनत्व व मेल जोल का मंच है। मंबई में जोधपुर के उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण किया गया। इस छात्रावास में पुस्तकालय है जो निःशुल्क पुस्तकें तथा यहीं पर निःशुल्क भोजन, जोधपुर के 200 बच्चों को छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि जोधपुर डॉट कॉम भी शुरू कर दिया गया है जो रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में मार्गदर्शन सुलभ करवाएगा।